तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

04 बेरला क्षेत्र की प्यास बुझाने नहरों में लौटी रौनक...



02 वार्ड चलो बस्ती चलो अभियान में केंद्र और राज्य ...



छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2026
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
24/04/2026
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# नगर विकास को रफ्तार देने पीआईसी की अहम बैठक, स्वच्छता से लेकर सड़क-पानी तक लिए गए ठोस फैसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पालिका परिषद में सोमवार को प्रेसिडेंट- इन-काउंसिल (पीआईसी) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहर के समग्र विकास को गति देने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने की। बैठक में स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने, पेयजल आपूर्ति को सुचारू बनाने, सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत तथा नगर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इनमें गंदगी की समस्या, जल आपूर्ति में अनियमितता, जर्जर सड़कों और स्ट्रीट लाइट की कमी जैसे मुद्दे शामिल रहे। इन समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समयसीमा के भीतर परिणाम दिखना चाहिए।

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि परिषद का मुख्य उद्देश्य शहर के नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं बेहतर और व्यवस्थित रूप से उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न हो।

## जर्जर सड़कों और स्ट्रीट लाइट समस्या पर नगर पालिका गंभीर



### अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्वच्छता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा तथा जल संकट वाले क्षेत्रों में विशेष योजना के तहत अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही, खराब सड़कों की मरम्मत एवं नई सड़कों के निर्माण के लिए प्राथमिकता सूची तैयार करने पर सहमति बनी। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, सभापति पंचू साहू, गौरव साहू, विकास तम्बोली, आकिब मलकानी, नीतू कोठारी, राजकुमार खांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में लिए गए निर्णयों से शहर के विकास कार्यों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार, खम्हरिया पुलिस की कार्रवाई



**बेमेतरा।** थाना खम्हरिया पुलिस टीम ने फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। पुलिस के अनुसार, माननीय न्यायालय द्वारा जारी वारंट के तहत धारा 351(3), 115(2), 109(1), 333, 3(5) बीएनएस के प्रकरण में फरार आरोपी पिन्टु उर्फ ठाकुर राम गोड (24 वर्ष), निवासी ढेकापुर थाना खम्हरिया, को पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर स्थायी वारंट तामील करते हुए न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, उप निरीक्षक ओंकार साहू, प्रधान आरक्षक विनोद पात्रे, आरक्षक अशरफी खान एवं हीराचंद गेंड्रे सहित थाना खम्हरिया के समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### 35 पाव देशी मदिरा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** सिटी कोतवाली थाना पुलिस दुर्ग ने एक बार फिर त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बेचते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नदी रोड स्थित वाटर फिल्टर प्लांट के सामने एक व्यक्ति कपड़े के थैले में शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 35 नग देशी मसाला मदिरा, कुल 6.300 बल्क लीटर शराब बरामद की गई। इसके साथ ही बिक्री की नगद रकम 300 रुपए भी जब्त की गई। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 3800 रुपए आंकी गई है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मुकुन्द सारथी, उम्र 30 वर्ष, निवासी मठपारा दुर्ग बताया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया।

## बैठक : बेरला ब्लॉक के रांका-कठिया मंडल में कांग्रेस बैठक

# बूथ स्तर पर संगठन सशक्त करने पर जोर जल्द हो कमेटियों का गठनः आशीष छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा बेरला ब्लॉक के ग्राम रांका-कठिया मंडल में आयोजित कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद कर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए छाबड़ा ने स्पष्ट कहा कि बूथ एवं पंचायत स्तर पर कांग्रेस कमेटियों का गठन शीघ्र किया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि बूथ कमेटियों के गठन में स्थानीय कार्यकर्ताओं की सलाह और स्वीकार्यता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने कहा कि संगठन ने पदाधिकारियों को जो जिम्मेदारी दी है, वह संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का अवसर है। कांग्रेस की असली ताकत उसके कार्यकर्ता हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखते हुए जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करते हैं। ऐसे में प्रत्येक पदाधिकारी का दायित्व है कि वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन के लिए कार्य करे। छाबड़ा ने आगे कहा कि वर्तमान में कांग्रेस आम जनता की आशाओं का केंद्र बनी हुई है, जिससे कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। संगठन को बूथ स्तर तक पहले से अधिक मजबूत और संगठित बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

अनुभवी नेताओं के साथ-साथ युवाओं को भी अवसर दिया जा रहा है, ताकि संगठन में ऊर्जा और अनुभव का संतुलन बना रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आम जनता के बीच निरंतर संपर्क बनाए रखने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्षशील रहने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में कार्यकर्ताओं के सहयोग और समर्पण से कांग्रेस संगठन और अधिक सशक्त होगा।



### ये रहे उपस्थित

बैठक में बेरला ब्लॉक अध्यक्ष विवेक सिंह राजपूत, ललित विश्वकर्मा, दिलेश्वर साहू, सह प्रभारी ललित गुप्ता, जिला कार्यकारिणी सदस्य शेख शरीफ कुरैशी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि विजय रात्रे, बसंत भारद्वाज, अशोक साहू, मंडल अध्यक्ष धनेंद्र महावीर साहू, जितेंद्र जोशी, मोनल सिन्हा, रूपलाल निषाद, रिंकू बंजारे, कविलाश साहू, अर्जुन साहू, बजारू यादव, लेडगा साहू, ऋषि साहू, यशवंत साहू, लक्ष्मण साहू, जयपाल साहू, मनहरण साहू, कमलेश टंडन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनदर्शन में कलेक्टर ममगाईं ने आमजन की सुनीं समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टरेट स्थित दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में कलेक्टर ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन के दौरान नागरिकों ने अपनी विभिन्न मांगों, शिकायतों एवं समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कई प्रकरणों का समाधान मौके पर ही किया गया।

■ जनदर्शन में 82 आवेदन प्राप्त हुए

आयोजित जनदर्शन में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 82 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व के मामलों का प्राथमिकता से निराकरण किया गया, जबकि गंभीर एवं जांच योग्य आवेदनों को समय-सीमा (टीएल) पंजी में दर्ज कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

जनदर्शन में निराश्रित एवं वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, बैटरी चलित ट्रायसायकल, प्रधानमंत्री आवास योजना, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, आम रास्ता खुलवाने सहित अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों को उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनगणना की तैयारियां तेज, प्रगणक-पर्यवेक्षकों का हुआ प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जनगणना 2027 के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में सोमवार को आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, बेमेतरा में प्रगणकों (एन्यूमरेटर) एवं पर्यवेक्षकों (सुपरवाइजर) के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में अधिकारियों ने जनगणना के विभिन्न चरणों की विस्तार से जानकारी देते हुए घर-घर सर्वेक्षण की प्रक्रिया, आंकड़ों के सटीक संकलन तथा उनकी गोपनीयता बनाए रखने के महत्व पर विशेष जोर दिया। प्रतिभागियों को बताया गया कि प्रत्येक परिवार की सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय जानकारी सावधानीपूर्वक एकत्रित करना अत्यंत आवश्यक है, जिससे शासन को योजनाओं के निर्माण के लिए सटीक आधार मिल सके। कार्यक्रम के दौरान डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग पर भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को मोबाइल एप एवं ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से डेटा एंट्री, अपडेट और मॉनिटरिंग की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही डिजिटल माध्यम से कार्य करने के लाभ, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज ने प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए प्रतिभागियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जनगणना को एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य बताते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से जिम्मेदारी, ईमानदारी एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सटीक जनगणना ही विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की आधारशिला है।

■ घर-घर सर्वे, डेटा की सटीकता और गोपनीयता पर विशेष जोर

# जिले में सहकारिता का विस्तार, 38 नई सेवा सहकारी समितियों का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और सहकारिता व्यवस्था को गांव-गांव तक पहुंचाने की दिशा में बेमेतरा जिले में बड़ा कदम उठाया गया है। जिले में 38 नई सेवा सहकारी समितियों का गठन किया गया है, जिससे अब हर किसान परिवार तक सहकारिता की सीधी पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी।

■ 5 अप्रैल को वर्चुअल शुभारंभ, किसानों को खाद-बीज, ऋण और डिजिटल सेवाएं एक ही मंच पर मिलेंगी

इन नई समितियों में मर्या. ओड़िया, पिपरीया, परसबोड़, भटगांव, जानो, लुक, मासुलगोंदी, नवागांवकला, कंदई, तेंदुवा, केशडबरी, हरदी, सांकरा, कुम्ही, लावातरा, भाठासोहरी, आन्दु, परपोड़ा, बसनी, गांगपुर, खैरझिटी, बिटकुली, लालपुर, जांता, बटार, पड़कीडीह, करचुवा, मजगांव, जंगलपुर, गनिया, झुलना, मेहना, कुंवा, चिचोली, एरमशाही, गनियारी, तेन्दुआ एवं झिलगा शामिल हैं। किसानों को मिलेंगी बहुआयामी सुविधाएं नई सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को अब खाद, बीज, कीटनाशक, कृषि यंत्र एवं ऋण जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर आसानी से मिल सकेंगी।

साथ ही किसान अपनी उपज धान, चना, सोयाबीन, सरसों, मसूर आदि को समितियों के माध्यम से अधिक सुगमता से बेच सकेंगे। इन समितियों को बहुद्देशीय रूप देने से आम नागरिकों को भी लाभ मिलेगा। लोक सेवा केंद्र के रूप में यहां बिजली बिल भुगतान, टिकट बुकिंग, मोबाइल रिचार्ज, ऑनलाइन आवेदन, बी-1, खसरा-नक्शा जैसी सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी।इस अवसर पर खरीफ वर्ष 2026-27 की तैयारी के तहत किसानों को ऋण वितरण, नई सदस्यता, खाद वितरण एवं किसान क्रेडिट कार्ड बनाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी संपन्न किए जाएंगे।

### 15 अप्रैल को होगा वर्चुअल शुभारंभ

इन सभी समितियों का वर्चुअल शुभारंभ 15 अप्रैल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं सहकारिता मंत्री द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले की सभी 38 नई समितियों में किया जाएगा, जिससे ग्रामीण स्तर पर भी सहभागिता सुनिश्चित होगी। प्रशासन ने सभी किसानों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी सेवा सहकारी समिति में उपस्थित होकर कार्यक्रम में भाग लें और उपलब्ध सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, समिति पदाधिकारी, कर्मचारी एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## गांव चलो, बस्ती चलो' कार्यक्रम में दिखा जनसंपर्क का जोश

# महिला आरक्षण पर कांग्रेस की राजनीति बनाम भाजपा का संकल्पः प्रज्ञा निर्वाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम सलधा में भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित "गांव चलो, बस्ती चलो कार्यक्रम उत्साह और जनसहभागिता के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान घर-घर पहुंचकर केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के मूल मंत्र के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का संकल्प दोहराया गया।

इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक महिला सशक्तिकरण को केवल नारे तक सीमित रखा, जबकि भाजपा ने इसे धरातल पर उतारने का कार्य किया है। प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि कांग्रेस के लिए महिला आरक्षण का अर्थ केवल एक परिवार विशेष की महिलाओं सोनिया और प्रियंका तक सीमित रहा है, जबकि भाजपा इसे देश की हर महिला के अधिकार के रूप में देखती है उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की राजनीति परिवारवाद और वंशवाद के इर्द-गिर्द घूमती रही, जिसमें आम महिलाओं को नेतृत्व के अवसर नहीं मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने ऐतिहासिक पहल करते हुए महिला आरक्षण को साकार करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं,आजादी के 75 वर्षों बाद देश की आधी आबादी को उसका वास्तविक राजनीतिक अधिकार देने की दिशा में यह एक निर्णायक प्रयास है,उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भाजपा का दृष्टिकोण समावेशी है, जहां हर वर्ग और हर महिला को समान अवसर देने की प्रतिबद्धता दिखाई देती है।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संध्या परघनिया ने भी अपने संबोधन में कहा कि "भाजपा केवल नीतियां बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करती है 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान इसी सोच का प्रतीक है, जिसके माध्यम से कार्यकर्ता सीधे जनता से जुड़कर उनकी समस्याओं को समझते और समाधान का प्रयास करते हैं " उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण भाजपा के मूल विचारों में शामिल है और आने वाले समय में महिलाओं की भागीदारी और अधिक मजबूत होगी।




### ये रही उपस्थित

कार्यक्रम में ममता साहू, सरपंच सियाराम सिन्हा, उपसरपंच चित्रेखा साहू, प्रतिनिधि धनंजय साहू, भूतपूर्व अध्यक्ष बीरेंद्र सिन्हा, सोहन साहू, बलराम पटेल, जिला उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नमन देवांगन एवं जनपद सदस्य प्रतिनिधि यशवंत निषाद, नलिनी यादव,सुमित्रा साहू,सुलोचनी सहित अनेक कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# मशरूम के स्वास्थ्य लाभों पर देवेन्द्र का शोध कार्य पूर्ण



**देवकर।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी विभाग के शोध छात्र नगर के होनहार युवक देवेन्द्र निर्मलकर का वनस्पति शास्त्र शोध कार्य का अंतिम मौखिक प्रस्तुतीकरण हुआ। देवेन्द्र ने अपना शोध पर्यवेक्षक डॉ. विजयलक्ष्मी नायडू के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। अपने शोध के निष्कर्षों को साझा करते हुए देवेन्द्र ने बताया कि मशरूम मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह प्रोटीन, फाइबर और विटामिन-ई का मुख्य स्रोत होने के साथ-साथ एंटी-कैंसर और एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर है। कम कैलोरी और शून्य कोलेस्ट्रॉल होने के कारण यह हृदय रोगियों और मधुमेह के मरीजों के लिए वरदान साबित हो सकता है। शोधार्थी ने मशरूम की पोषण क्षमता को जनसामान्य तक पहुंचाने पर जोर दिया। इस कार्यक्र में प्राध्यापकों एवं सहपाठियों ने देवेन्द्र निर्मलकर को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी।

